मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO Delhi on 10/11.12. 2023

Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA

वर्ष : 59 अंक 12 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख

दिसम्बर 2023 बहाई वर्ष : 180

विश्व न्याय मन्दिर

हम बहाई विश्व के समक्ष सजगता के साथ यह लक्ष्य रखते हैं कि यह वास्तव में विकट है; कि एक अतिप्रबल श्रम की आवश्यकता होगी; कि अनेक त्याग करने होंगे। किन्तु विश्व की दुर्दशा देखते हुए जो, बहाउल्लाह के अमृत से अछूती, प्रत्येक दिन अधिक कष्ट का सामना कर रहा है, हम 'उनके' समर्पित अनुयायियों से, सजगतापूर्वक, कुछ भी कम नहीं मांग सकते। ईश्वर की इच्छा हुई तो, उनके प्रयास एक शताब्दी की मेहनत का योग्य मुकुट सिद्ध होंगे, तथा उन अकल्पनीय अद्भुत कर्मों के लिये मंच तैयार करेंगे जो अवश्य ही 'रचनात्मक युग' की दूसरी शताब्दी को आभूषित करेंगे।

—29 दिसम्बर, 2015

झारखण्ड में रूही पुस्तक–11 का अध्ययन

झारखण्ड के बहाईयों एवं अन्य मित्रों को बहाई कोष के महत्व, प्रकार एवं उसकी उपयोगिता की समझ को और सुदृढ़ एवं परिष्कृत करने के उद्देश्य से जमशेदपुर बहाई भवन में झारखण्ड के प्रशिक्षण संस्थान मण्डल के तत्वधान में रूही पुस्तक–11 की प्रथम इकाई के अध्ययन का आयोजन किया गया। यह प्रथम अवसर था जिसमें राज्य के किसी भी मित्र ने इस पुस्तक का अध्ययन किया। इस अध्ययन में राज्य के 10 क्लस्टरों के 16 समुदायों से 35 मित्रों ने भाग लिया। इनमें से 8 परिषद सदस्य, 5 संस्थान मण्डल के सदस्य, 3 सहायक मण्डल सदस्य, 3 अनुभवी शिक्षक एवं अनुप्रेरक, 5 उपक्षेत्रीय संयोजक एवं सहयोगी एवं 11 क्लस्टर स्तरीय संयोजक एवं सहयोगी शामिल हुए। इस तीन दिवसीय अध्ययन कार्यक्रम की सह–शिक्षिका ओडिशा परिषद की कोषाध्यक्ष थीं, उनकी सहायता से पुस्तक 11 में छिपी कई अवधारणाओं एवं अंतर्दृष्टियों से परिचित हुआ गया जैसे–शुद्धता एवं सर्व आलिंगनकारी प्रेम, संपदा की अवधारणा, वैश्विक सभ्यता का आधार भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि, बहाई कोष का महत्व, अनासक्ति का वास्तविक अर्थ एवं स्वरूप, कृषि, व्यापार, उद्योग इत्यादि नेक कार्यों से अर्जित धन का उपयोग समाज कल्याण में करना, प्रत्येक बहाई को अपना स्वयं का रोजगार करना जैसी अनेकों अवधारणाओं के परिचित हुए। इस तीन दिवसीय अध्ययन कार्यक्रम में गीत–संगीत का भी खूब आनंद उठाया गया। पुस्तक के कई उद्धरणों को अध्ययन के दौरान कंठस्थ करने का भी अभ्यास किया गया, जिससे की पुस्तक की अवधारणा को और गहराई से समझने में मदद मिली। सह–शिक्षक की सहायता से इस अध्ययन कार्यक्रम के दूसरे दिन में परिषद के कोषाध्यक्ष के सहायकों के साथ बैठक की गई, जिसमें राज्य के अधिक से अधिक बहाईयो के साथ पुस्तक 11 का अध्ययन एवं अधिक से अधिक मित्रों से नियमित दान प्राप्त करने से सम्बंधित विषयवस्तु पर परामर्श और योजना बनाई गई। अंतिम दिन में पटमदा एवं जमशेदपुर की स्थानीय आध्यात्मिक सभा एवं सहायक मण्डल सदस्यों के साथ भी स्थानीय कोष की वृद्धि एवं निरंतर देने वाले मित्रों की संख्या को बढ़ाना एवं अधिक से अधिक मित्रो को पुस्तक 11 कराना तथा परिवारों के साथ संबंधों को बढ़ाना जैसे प्रमुख विषयों पर परामर्श करते हुए योजना बनाई गई। इस अध्ययन कार्यक्रम को स्वलंबी बनाने के उद्देश्य से कई मित्रों ने वस्तुओं का दान दिया जिसमें– चावल, दाल, सब्जी इत्यादि शामिल थे। यह अध्ययन कार्यक्रम बहुत ही आनंदित एवं उत्साह भरे वातावरण में संपन्न हुआ। साथ ही, मित्रों में बहाई कोष के प्रति उत्साह एवं प्रबल समर्पण को भी महसूस किया गया।



पुस्तक–11 का अध्ययन करने वाले प्रतिभागी

मध्य प्रदेश की गतिविधियों की झलक

• मध्य प्रदेश में संविदा दिवस के अवसर पर ग्वालियर समुदाय में एकता के उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विश्व शांति प्रार्थना सभा का आयोजन 26 नवंबर, 2023 को एक आध्यात्मिक एवं आनंदमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस प्रार्थनासभा में लगभग 100 मित्र उपस्थित हुए। इंदौर में भी संविदा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें इन्दौर समुदाय द्वारा प्रार्थना, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में 70–80 मित्रों ने भाग लिया। साथ ही, बहाई गतिविधियों में भाग ले रहे प्रतिभागियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



संविदा दिवस सभा में भाग लेने वाले मित्रगण

• मध्य प्रदेश में ग्वालियर में एक सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 40 मित्रों ने भाग लिया। इस बैठक में परिषद की ओर से समुदाय की विकास प्रक्रिया के साथ–साथ संस्थागत एवं व्यक्तिगत क्षमता बढ़ाने पर परामर्श किया गया। मित्रों को रूही संस्थान की नई पुस्तकों का अध्ययन करने हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक के दौरान ग्वालियर के मित्रों द्वारा उनके समुदाय में किये जा रहे प्रयासों और पड़ोसी समुदायों में किये जा रहे सहयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया।



ग्वालियर में आयोजित सामुदायिक बैठक के प्रतिभागी

इसके अलावा परिषद द्वारा मित्रों के साथ रिज़वान 2023 के प्रपत्र से गद्यांश संख्या–2 का गहन अध्ययन किया और उस पर खुलकर परामर्श किया। साथ ही, प्रपत्र में दी गई अवधारणाओं और सीख को ग्वालियर समुदाय में लागू करने की योजना भी बनाई गई।

इस अंक में

देश भर में युगलावतार के जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाए गए

• स्थानीय आध्यात्मिक सभा गुरुग्राम ने बाब और बहाउल्लाह के जन्मदिन का समारोह मनाने के लिए अपना पूरा योगदान दिया ताकि जन्मोत्सवों को भलीभांति उत्साहपूर्वक मनाया जा सके।

उत्सव के समय बहाई भवन सेक्टर 9 में लगभग 150 मित्रगण शामिल हुए। कार्यक्रम का आरम्भ स्थानीय आध्यात्मिक सभा गुरुग्राम ने प्रार्थना के साथ किया। प्रार्थना के बाद वहां पर कुछ मित्रों ने जन्मदिन के महोत्सव को सुंदर बनाने के लिए नृत्य, प्रार्थना का आयोजन किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी लोग अत्यंत प्रसन्न थे और सभी एक–दूसरे को बधाई भी दे रहे थे। कार्यक्रम के अंत में वहाँ उपस्थित सभी मित्रों को प्रीतिभोज कराया गया।



गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रमों की झलक

22 अक्टूबर 2023 के दिन भी बहाई भवन की छत को सभी स्वयंसेवकों ने बहुत अच्छी तरह से सजाया ताकि रात के समय काफी सुंदर दिखे, जहाँ सूरत नगर गुरुग्राम में वहाँ के शिक्षकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ बाब और बहाउल्लाह के जन्मदिन का महोत्सव बनाया, जिसमें 150 से 200 के करीब लोग आए। स्थानीय आध्यात्मिक सभा गुरुग्राम के सदस्यों के द्वारा प्रार्थना करके जन्मदिन का उत्सव शुरू किया गया और उसके बाद कुछ युवाओं ने भी प्रार्थनाएँ कीं। तत्पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी लोग अत्यधिक उत्साहित और खुश दिख रहे थे। कार्यक्रम में एक चीज सबसे ज्यादा अच्छी लगी कि कम जगह में वहाँ के सभी स्वयंसेवकों ने सभी चीजों को बहुत ही अच्छे तरीके से व्यवस्थित कर रखा था, जिससे कि किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी ना हो। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग अत्यंत प्रसन्न होकर अपने–अपने घरों को वापस गए।



गुजरात के विभिन्न समुदायों में आयोजित कार्यक्रम

• गुजरात में लगभग चालीस समुदायों ने बावन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की मेजबानी की और लोगों को बाब और बहाउल्लाह की युगल जन्मजयंती मनाने के लिए आमंत्रित किया और इनके विश्व क्षितिज के ऊपर क्रमिक रूप से प्रकट होने के उद्देश्य पर विचार किया। बहाई संस्थानों और एजेंसियों, व्यक्तिगत अनुयायियों और समुदायों के बीच उत्सव की भावना दिखाई दे रही थी। मित्रों को अपने घरों में उत्सव का माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जैसा कि अनुयायियों के घरों में धार्मिक त्यौहारों जैसे दिवाली, क्रिसमस, ईद आदि के साथ–साथ क्लस्टर, समुदाय, पड़ोस के स्तर पर उत्सवों के दौरान महसूस किया और देखा जाता है।

बदी कैलेण्डर के सार्वभौमिक रूप से लागू होने के बाद से भारत में दिवाली त्यौहार के दूसरे दिन के बाद युगल पवित्र जन्मदिवस मनाये जाने लगे और यह अनुयायियों और संस्थानों के मस्तिष्क में स्थापित हो गया। इस वर्ष दिवाली से पहले पड़ने वाले इस उत्सव की वर्षगाँठ और गुजरात में व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्यौहारों में से एक–नवरात्रि उत्सव को देखते हुए, गुजरात परिषद ने बातचीत शुरू करने और संस्थानों के बीच उत्सव का माहौल बनाने की आवश्यकता महसूस की। परिषद ने स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं के सदस्यों और प्रमुख अनुयायियों की एक दिवसीय सभा का आयोजन किया ताकि उन्हें विभिन्न रचनात्मक तरीकों के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर समारोह आयोजित करने की संभावनाओं पर विचार करने का अवसर प्रदान किया जा सके। इस बात पर चर्चा की गई कि अब उत्सव परिवारों के स्तर पर होने चाहिए और परिवारों को अपने घरों में उत्सव मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। स्थानीय सभाओं को बहाई केंद्रों को भी सजाने और अनुयायियों को अपने घरों में उत्सव का माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व न्याय मन्दिर के 18 मई 2016 के संदेश



महाराष्ट्र के विभिन्न क्लस्टरों में आयोजित कार्यक्रम

शेष पृष्ठ 4 पर

वर्ष 2023–2024 के लिए राज्य/क्षेत्रीय बहाई परिषदों के सदस्यगण

क्षेत्रीय बहाई परिषद आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना

1. श्री देवी कुमार
2. श्री अजय नायडू
3. श्री शांतिमूर्ति नायडू
4. श्रीमती तुलासी राजशेखर
5. श्री ई. वैंकट रंगईया
6. श्री बी. महेश
7. श्री मालेश रेड्डी
8. श्री एम. संतोष
9. श्रीमती के. सरोजा लक्ष्मीकांत

क्षेत्रीय बहाई परिषद असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नगालैंड

1. श्री हरकेशवर बोरो
2. श्री अनंदा ब्रह्मा
3. श्री दिलीप दास
4. श्री भास्कर डेका
5. सुश्री शोभा डेका
6. श्री चिनमोय मजूमदार
7. श्रीमती शारदा नायक
8. श्रीमती मनीषा राभा
9. श्री अशोक ठाकुर

राज्य बहाई परिषद बिहार

1. श्री दीपेन्द्र चन्दन
2. श्रीमती रीना दानेश
3. श्रीमती उषा कुमारी देवी
4. सुश्री बबीता कुमारी
5. श्री चितरंजन कुमार
6. श्री रंजन कुमार
7. श्री विकास कुमार
8. श्री रेन्टो कुमार
9. श्री लालो कुमार राय

राज्य बहाई परिषद छत्तीसगढ़

1. श्री इन्देश चौधरी
2. श्री सुनिर्मल महातो
3. सुश्री प्रीति माणिकपुरी
4. श्री कमल रावल
5. श्री दिगेश्वर साहू
6. सुश्री सीता साहू
7. श्रीमती मन्ना शर्मा

राज्य बहाई परिषद गुजरात

1. श्री राजेश अहीरे
2. सुश्री हेमाबेन बागुल
3. श्री वसंत बागुल
4. श्री हसमुख भगारिया
5. श्री संजय गेन
6. श्री रतिलाल गावित
7. श्री तुषार गावित
8. श्री अविनाश पवार
9. श्रीमती निशा पुनावाला

राज्य बहाई परिषद झारखण्ड

1. सुश्री रिंकी दलाई
2. श्रीमती लिचुवाला दास
3. श्री रतन महातो
4. श्री ओम प्रकाश
5. श्रीमती बबली रजक
6. सुश्री गौरी साहू
7. श्री संदीप शर्मा
8. श्री महानंद सिंह
9. श्री संजीव तांती

राज्य बहाई परिषद कर्नाटक

1. सुश्री बहाश्री भट्ट
2. श्री एच. एन. चन्द्रशेखर
3. श्री मांचे गौड़ा
4. श्रीमती पार्वती एम. जी.
5. डॉ. सी. एस. माला
6. श्री उमा शंकर
7. सुश्री सौभाग्या
8. श्रीमती अचम्मा सुधाकरण
9. श्री श्रीनाथ डी.टी.

राज्य बहाई परिषद केरल

1. श्री विनोद अरिथीर्थम
2. सुश्री रीना गोपाल कृष्णन
3. सुश्री सी. पी. ज्योथीलक्ष्मी
4. श्री के मोहनन
5. श्री उनीज़ एम.
6. सुश्री ज्योथी प्रभाकरण
7. श्री एम. सर्वानन
8. सुश्री शोभा के. एस.
9. सुश्री श्रीथु एस.

राज्य बहाई परिषद मध्यप्रदेश

1. श्रीमती सहार अनवरी
2. श्री हर्ष अरोड़ा
3. श्री रवि कौशल
4. श्री बकील कुशवाह
5. श्रीमती अलका कुमार
6. श्री धर्मवीर नरवारिया
7. डॉ. रोजा ओल्याई
8. श्री रोशन लाल पटेल
9. श्री किंशुक सोलंकी

क्षेत्रीय बहाई परिषद महाराष्ट्र एवं गोवा

1. श्री आकाश चक्रबर्ती
2. श्रीमती मार्ज़िया दलाल
3. श्री संदीप गौरे
4. सुश्री अनीसा जवांमर्दी
5. श्री विशाल कांबले
6. श्रीमती ईडेन मेहदियाबादी
7. श्री जीबन पगारे
8. श्री शुभांकित पाणिग्राही
9. श्री सिद्धिविनायक शिंदे

क्षेत्रीय बहाई परिषद मणिपुर एवं मिजोरम

1. श्री बिनोय चन्द
2. श्री सुरेश खैदम
3. सुश्री अहनलिमा कोईजाम
4. श्री लेशराम कीर्तिबास सिंह
5. श्री नवद्वीप लेशराम
6. श्री सलाम इबोमचा मिताई
7. श्रीमती बिलासनी नशिम्बानी
8. श्री डब्ल्यू. रोजित
9. श्री खेलजीत थौंगराम

राज्य बहाई परिषद उड़ीसा

1. श्री आलोक बेहरा
2. श्री शंकर माझी
3. सुश्री मिताली मलिक
4. श्री बबलू मिश्रा
5. सुश्री मोना मोतल्लबी
6. श्री रियाज़ मोतल्लबी
7. श्री जन्मजया नायक
8. श्री सुशांत नायक
9. श्री संग्राम स्वैन

क्षेत्रीय बहाई परिषद पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर

1. सुश्री भावना
2. श्री विकास छेत्री
3. श्री पूरन कटवाल
4. सुश्री ममता कौशिक
5. सुश्री ज्योति मण्डल
6. श्री रघुपति मण्डल
7. श्री शुभम
8. श्री अमनदीप सिंह
9. सुश्री प्रीति सूद

राज्य बहाई परिषद राजस्थान

1. श्रीमती अपर्णा अनंत
2. श्री हरि प्रसाद बैरवा
3. श्री रामेश्वर बैरवा
4. सुश्री सरोज देवी
5. सुश्री आस्था हगीग़त
6. श्री राजेश मीणा
7. श्री सोहेल रौहानी
8. श्री कुंवर सिंह
9. श्री हनुमान वर्मा

क्षेत्रीय बहाई परिषद सिक्किम एवं दार्जिलिंग

1. सुश्री पुनीता अल्ले
2. श्री सदीप बिश्वाकर्मा
3. श्री अर्जुन छेत्री
4. श्री सरोज लामा
5. श्री बलराम प्रधान
6. श्री कैलाश शर्मा
7. सुश्री रोशनी शेख
8. सुश्री पूनम तमांग
9. श्री संजय थापा

क्षेत्रीय बहाई परिषद तमिलनाडु एवं पुदुचेरी

1. श्री टी. अभिनेश
2. सुश्री अमेलिया अख्तरखावरी
3. श्री भरथ अरुमुगम
4. श्री गोपालकृष्णनन
5. श्रीमती अस्सिप्रिया
6. श्री मुनीसवरन
7. श्रीमती सरस्वथी
8. श्री टी. सुब्रामणियन
9. श्रीमती मल्लिका सुन्दर

राज्य बहाई परिषद त्रिपुरा

1. श्री रूपक बिश्वास
2. सुश्री अनुराधा दास
3. श्री मनीष देब
4. सुश्री मौसमी देब
5. सुश्री रीमा देबनाथ
6. श्री प्रबीर देबनाथ
7. श्री प्रियातोष घोष
8. श्री राजीब पंड़ित
9. श्री राजीब शील

क्षेत्रीय बहाई परिषद उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड

1. श्री नदीम अमीर
2. श्री अमित कुमार
3. श्री रवि कुमार
4. श्री आसिफ मकसूद
5. श्री प्रमोद मौर्य
6. श्री सचिन पाल
7. सुश्री पूजा राजपूत
8. डॉ. ताहिरा सिंह
9. श्री सुनील कुमार यादव

राज्य बहाई परिषद पश्चिम बंगाल

1. श्री सुब्बु हेम्मती
2. श्री धनंजय कुमार
3. श्री राजीब कुम्भाकर
4. श्री मोनीशंकर मैती
5. सुश्री डोली महातो
6. श्री कमलकांत महातो
7. श्री प्रदीप कुमार महातो
8. श्री सुकांतो महातो
9. श्रीमती जेबा यादव

• • • • • • • • •

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204
Delhi P.S.O.

Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
Licensed to post without pre-payment No. U (C)-52/2021-22-23

बहाई विवाह



दार्जिलिंग की सुश्री पूजा लखदारी और श्री वेदांत सिंदुरी का विवाह 4 अक्टूबर, 2023 को बहाई विधिविधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।



पटना के श्री दानयाल आभा और सिक्किम की सुश्री आयतू शेरपा का विवाह बहाई विधिविधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा सिल्लीगुड़ी के तत्वावधान में 28 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न हुआ।



मध्य प्रदेश के श्री किशन मन्नाडे और उत्तर प्रदेश, काकोरी भलिया गांव की सुश्री शालिनी गौतम का विवाह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बहाई मित्रों के तत्वाधान में बहाई विधिविधान के अनुसार 28 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न हुआ।

देश भर में युगलावतार के जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाए गए

पृष्ठ 2 का शेष

के कुछ चयनित अंश और बाब और बहाउल्लाह के जीवन और मिशन पर तैयार एक लेख का एक साथ अध्ययन किया गया और चर्चा की गई कि सभाओं को परिवारों, परिवारों के समूहों के स्तर पर आयोजित किया जा सकता है।

समारोहों में विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं – जैसे भव्य भक्तिपरक सभाएँ, सार्वजनिक सभाएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम – गीत, नाटक, कहानी सुनाना, वार्ता, नृत्य, खेल, जलपान और भोजन आदि। इनमें से अधिकांश समारोह स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं द्वारा आत्मनिर्भर रूप से आयोजित किए गए थे। कुछ समुदायों को छोड़कर, पड़ोसी समुदायों के मित्रों, समन्वयकों और क्लस्टर विकास फसिलटैटर ने उनके समारोहों में सहायता की। परिषद को आशा है कि इस संकल्पना से घरों में उत्सव का माहौल बनेगा और अनुयायियों के घर में उत्सव की मेजबानी धीरे–धीरे मजबूत की जाएगी।

• महाराष्ट्र में भी प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 और 17 अक्टूबर 2023 को बाब और बहाउल्लाह के जुगल जन्मोत्सव धूमधाम और प्रसन्नता के साथ मनाए गए। विभिन्न समूहों में उत्सव 11 अक्टूबर से शुरू होकर 25 अक्टूबर तक चला। परिषद ने 16 और 17 अक्टूबर 2023 को बाब और बहाउल्लाह के जन्मोत्सव को मनाने के लिए सभी स्थानीय सभाओं को एक पत्र लिखा था और उसी समय से स्थानीय सभाओं ने इस उत्सव की तैयारी शुरू कर दी थी। कई बार सभाएँ उत्सव की योजना बनाने के लिए स्थानीय मित्रों के साथ बैठकें करती हैं और इन कार्यक्रमों के सफल समापन के लिए सहायक मण्डल सदस्यों के साथ परामर्श करती। कुछ जगहों पर दोनों दिन एक ही कार्यक्रम मनाए गए लेकिन साथ ही कई जगहों पर मित्र मंडल ने दो–दो दिन का कार्यक्रम आयोजित किया। मित्रों ने पूरी क्षमता से उत्सव मनाया। उत्सव के दौरान प्रत्येक स्थल और कुछ स्थानों की सड़कों को फूलों, पत्तियों और रोशनी से खूबसूरती के साथ सजाया गया।

कार्यक्रम में बच्चे, युवा, पुरुष, महिलाएं और वृद्ध सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। सभी कार्यक्रमों में भागीदारी अच्छी संख्या में रही। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण प्रार्थना और सांस्कृतिक कार्यक्रम था। लोगों में बहुत उत्साह था क्योंकि सभी ने कार्यक्रमों के आयोजन में हिस्सा लिया।

कई कार्यक्रमों में, ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों और अन्य क्षमतावान लोगों ने भाग लिया, जहां उन्हें "ईश्वर के युगल रूपों" बाब और बहाउल्लाह के बीच संबंधों के बारे में पता चला। बाब का मिशन उसके आगमन के लिए रास्ता तैयार करना था जिसे ईश्वर प्रकट करेगा, जो अंततः बहाउल्लाह के रूप में प्रकट हुए। इस कारण से, बाब और बहाउल्लाह दोनों बहाई आस्था की केंद्रीय विभूतियाँ हैं।

निवेदन

प्रिय मित्रों, अपने समुदायसमूह में होने वाली मूल गतिविधियों की रिपोर्ट तथा प्रेरणादायक घटनायें फोटोग्राफ के साथ हमें समय–समय पर भेजते रहें, जिससे की हम उन्हें बहाई समाचार में प्रकाशित कर सकें। ***धन्यवाद!***

कुल पृष्ठ संख्या–4

बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/2021-22-23
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO Delhi on 10/11.12.2023
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

स्वामी, भारत के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, जो सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है, के लिए प्रकाशक, मुद्रक : सुशील कुमार के द्वारा श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 से मुद्रित एवं बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110 001 से प्रकाशित (सम्पादक : सुशील कुमार)